दिनांक–30.09.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ CGRC पर प्राप्त शिकायतों में लंबित शिकायतों का माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से कराए गए Surprise Inspection के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

- माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से कराये गये Surprise Inspection में बंद पाए गये योजनाओं को 24 घंटे के अंदर क्रियाशील कर जलापूर्ति बहाल करने का निदेश दिया गया अन्यथा अक्रियाशीलता की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियो/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि बंद पाई गई योजनाओं के लिए जिम्मेदार एजेंसियों पर एकरारनामा में निहित प्रावधानों के तहत आर्थिक दंड अधिरोपित/डिबार एवं काली सूची में डालने की आवश्यक कार्रवाई किया जाय। साथ ही इसकी सूची मुख्यालय को भी उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- सभी अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के स्तर से कराये गये Surprise Inspection में बंद पाए गये योजनाओं का निरीक्षण अपने स्तर पर करते हुए उसका अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता।

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि Surprise Inspection में सभी अक्रियाशील/बंद पाए गए योजनाओं को तत्काल क्रियाशील करते हुए MIS Portal पर फोटोग्राफ्स एवं ATR अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता भी अपने स्तर से करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

- प्रत्येक प्रमंडल के शीर्ष 05 प्रखंड, जहाँ सबसे अधिक योजनाएं बंद हैं, उन प्रमंडलों के संबंधित अधीक्षण अभियंता स्वयं गठित टीम के साथ कम–से–कम 20 प्रतिशत योजनाओं की स्थल निरीक्षण करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता।

- सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि जिन प्रखंडों/पंचायतों/वार्डों की योजनाओं का आज तक MIS Portal पर निरीक्षण प्रतिवेदन दर्ज नहीं हुआ है, उसकी पूर्ण सूची तैयार कर 24 घंटे के अंदर मुख्यालय को समर्पित करेंगे।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- CGRC से प्राप्त सभी शिकायतों का 24 घंटे के अंदर निष्पादन हेतु मानव बल बढ़ाने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।

- MIS Portal पर स्पष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

06.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–14/वि0स0–101/24–822 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः–14/वि0स0–101/24–822 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता, (दक्षिण बिहार/अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः–14/वि0स0–101/24–822 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)